कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : **07.02.2022**

## गर्ल्स कॉलेज में भारत रत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजली

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संगीत विभाग के द्वारा भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर को 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने बताया कि संगीत की दुनिया में कल का दिन दुःखद रहा। जब स्वर कोकिला लता मंगेशकर हम सबके बीच नहीं रही। उन्होनें लता जी के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला।

विभाग द्वारा आयोजित श्रद्धांजली कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि यह देश की अपूरणीय क्षति है। जब हमारे देश की सरस्वती पुत्री चली गयी। उनका संगीत की दुनिया को बहुमूल्य योगदान हमेशा चिरस्मरणीय रहेगा। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा, सदस्य श्रीमती अंजू जैन एवं प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने भी लता जी की याद में अपने विचार रखे।

इस अवसर पर संगीत की छात्राओं ने ऐ मेरे वतन के लोगों गीत की प्रस्तुति दी।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)